# जिला चिकित्सालय में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**जालोर,** (कासं)। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के तहत जिला चिकित्सालय में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए।

नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह अंतर्गत राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय के आस पास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी में पक्षियों का हलक तर करने के लिए परिण्डे लगाये गये और प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कच्ची बस्ती में जाकर वहाँ किशोर लडकियों और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता का महत्त्व बताते हुए एक सौ से अधिक महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए।स्लम एरिया में इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों ने महिलाओं को निजी स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया।प्रशिक्षणार्थी ने बस्ती में मौजूद महिलाओं और बालिकाओं को मासिक स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि अपनी सेहत के प्रति सचेत रहना चाहिए और उचित देखभाल के लिए चिकित्सकीय और वैज्ञानिक पद्धति का ही प्रयोग करना चाहिए। इसके लिए सैनेटरी पैड का ही उपयोग होना चाहिए।यह मासिक स्वच्छता के लिए जरूरी है।

इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय बालिका सशक्तिकरण है। इसी कडी में महाविद्यालय द्वारा कई तरह के सामाजिक सरोकर से जुडे कार्य किए जा रहे हैं। महाविद्यालय द्वारा सर्विस प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रचंड गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए समय समय पर पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने एवं अन्य स्थानों पर परिण्डे लगाने का संकल्प लिया गया। बलिकाओं को सेनेटरी नैपकिन का सही उपयोग करने के सही तरीके की शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इस्तेमाल के फायदों पर ध्यान केंद्रित किया। उनके प्रयासों का मुख्य उद्देश्य आमजन में जागरूकता को बढावा देना है। 12 मई को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नाइटिंगेल सेवा शपथ लेकर अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया जाएगा और नर्सिंग सप्ताह के दौरान महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग फैकल्टीज एवं बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहें।




**जालोर में राजकीय नर्सिंग महाविधालय में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के तहत प्रशिक्षार्थियों ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का सेवा कार्य किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

## जाट समाज के वार्षिकोत्सव पर चर्चा की

**सांचौर**, (कासं)। सांचौर शहर के पी डब्ल्यू डी रोड स्थित बलदेवराम मिर्धा जाट समाज सेवा संस्थान में रविवार को संस्थान अध्यक्ष लक्ष्मण सारण की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई।

- **1 जून को रात्रि जागरण एवं 2 जून को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम होगा**

बैठक में संस्थान सचिव देरावर सिंह आंसू ने बताया कि आगामी 1 जून को रात्रि जागरण एवं 2 जून वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में तेजाजी महाराज की मूर्ति अनावरण, बालिका छात्रावास का उद्घाटन, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं संस्थान का वार्षिक लेखा जोखा पेश किया जाएगा। अध्यक्ष लक्ष्मण सारण ने बताया कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में समाज के कई मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित होंगे।

इस दौरान देरावर सिंह आंसू, देराजराम जाणी, सोनाराम जाखड, रमेश जाखड, चेनाराम बेरा, करनाराम खुड्डुडयि, सुखराम आंवला, सुखराम गोदारा, एडवोकेट आदूराम, ओम प्रकाश चौधरी, माकाराम ताडा, रामलाल सारण, गणेश सियाग, निंबाराम धेतरवाल, पूनमाराम, विरधाराम सारण, मंगलाराम लोल, चोखाराम लेगा, मगाराम सारण, रावतराम, रामलाल सारण, जगदीश सारण, रामलाल जाणी सहित दर्जनों लोगों उपस्थित रहे।

# नितिन सोलंकी माली समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष बने



**जालोर में माली समाज सेवा संस्थान के चुनाव में नितिन सोलंकी अध्यक्ष निर्वाचित हुए।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। माली समाज सेवा संस्थान जालोर के चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुए। चुनाव का परिणाम शाम को जारी किया गया। नितिन सोलंकी अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

चुनाव अधिकारी लक्ष्मण सिंह सांखला एवं सह चुनाव अधिकारी मुकेश सांखला ने बताया कि माली समाज सेवा संस्थान के चुनाव हुए जिसमें नितिन सोलंकी अध्यक्ष निर्वाचित हुए। समाज के कुल चार व्यक्तियों ने नामांकन प्रस्तुत किया । नामांकन जांच में प्रस्तुत सभी नामांकन वैध पाए गए तथा तय समयसीमा में किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापिस नहीं लिया गया।

आवश्यक होने से दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया गया। कुल 667 सदस्य में से 520 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान पूर्ण होने के तुरंत बाद मतगणना में नितिन सोलंकी को कुल 217 मत प्राप्त हुए। निकटतम प्रतिद्वंदी तेनसिंह परमार को 183 मत, विक्रम सोलंकी को 61, मोहनलाल गहलोत को 56 मत, नोटा को 1 मत एवं 2 मत खारिज हुए। इस प्रकार नतीजों में नितिन सोलंकी 34 मतों से विजयी हुए।

नतीजों के बाद अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष नितिन सोलंकी को प्रमाण पत्र देकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। चुनाव जीतने पर अध्यक्ष नितिन सोलंकी ने कहा कि समाज ने मुझ पर विश्वास जताकर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया है। उन्होंने कहा कि मैं समाज के विकास में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोडुंगा, हमेशा समाज के हित में कार्य करुंगा।

# विक्रम राठौड़ जनसंपर्क प्रकोष्ठ के सह संयोजक नियुक्त

**पाली,** (नि.सं.)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति डॉ.अजीत कुमार कर्नाटक द्वारा गठित विश्वविद्यालय जनसंपर्क प्रकोष्ठ में जनसंपर्क एवं लोक प्रशासन विषयों के विख्यात विशेषज्ञ विक्रम राठौड़ को जनसंपर्क प्रकोष्ठ का सह संयोजक नियुक्त किया है।

समिति के सह संयोजक के रूप में विक्रम राठौड़ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर की जनसम्पर्क मीडिया, अकादमिक -प्रशासनिक नीतियों, विभिन्न कार्ययोजनाओं, आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों -अभियानों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं इनसे जुड़े विषयों पर कुलपति को परामर्श भी प्रदान करेंगे। इस आशय के जेएनवीयू जोधपुर द्वारा आदेश जारी किए है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. कर्नाटक ने राठौड़ को शुभकामनाएं प्रदान की एवं उन्होंने इस नियुक्ति हेतु कुलपति का आभार प्रकट किया।



**विक्रम राठौड़**

ज्ञातव्य है की वर्तमान में विक्रम राठौड़ बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के सह जनसंपर्क अधिकारी के रूप में भी अपनी मानद सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। विगत कई वर्षों से जनसंपर्क, विश्वविद्यालय मामलों के विशेषज्ञ, साहित्य और लोक प्रशासन क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने वाले राठौड़ उच्च शिक्षा विशेषज्ञ होने के साथ लेखक, साहित्यकार और स्वतंत्र उच्च शिक्षा समीक्षक - विश्लेषक और उच्च शिक्षा सलाहकार भी है। राठौड़ द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां भी अर्जित की गई है।

विक्रम राठौड़ ने बताया राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मंशानुरूप विश्वविद्यालय के सशक्तिकरण और मूल्यों में वृद्धि के लिए विश्वविद्यालय की कल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों का प्रभावी ढंग से प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। जिससे हितधारकों और जनसंपर्क समुदाय में सकारात्मक संबंधो को गति मिलेगी।

## निरीक्षण किया

बालोतरा, (नि.सं.)। चिकित्सा विभाग जयपुर के जिला प्रभारी डॉ. जोगेश्वर गर्ग शुक्रवार को पीएचसी पायला कला और सीएचसी सिणधरी दौरे पर रहे। उन्होंने सिणधरी व पायला कला संस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की और निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कोई भी चिकित्सा अधिकारी, बीसीएमओ व जिला स्तरीय अधिकारी बिना सक्षम अनुमति के अवकाश पर नहीं रहे, ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से अवकाश का प्रस्ताव निदेशक जन स्वास्थ्य के पास भिजवाए जाएं और अनुमति मिलने के बाद ही अवकाश लें। अर्जेंट होने पर फोन पर अनुमति लेंवे, लेकिन बिना सक्षम स्तर से अनुमति के कोई भी अधिकारी अवकाश पर नहीं जावें।

इस अवसर पर जिला प्रभारी डॉ. जोगेश्वर गर्ग ने लू तापघात से बचाव के लिए सभी संस्थाओं में बिजली, पीने का पानी, कूलर, पंखे, एसी तथा दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# सिलावट समाज कब्रिस्तान में पौधारोपण किया



**जालोर के ईदगाह कब्रिस्तान में सिलावट समाज के लोगों ने श्रमदान कर पौधारोपण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के ईदगाह स्थित सिलावट समाज कब्रिस्तान में रविवार को सिलावट समाज के लोगों ने श्रमदान कर पौधारोपण किया।

कार्यक्रम संयोजक शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि ईदगाह सिलावट समाज कब्रिस्तान में समाज के लोगों द्वारा साफ सफाई कर पौधा रोपण कर प्रकृति के महत्व एवं पर्यावरण का सन्देश दिया । ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए सभी को अपने आस पास अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए और प्रकृति के प्रति सदैव कर्तव्य होकर उसकी रक्षा करनी चाहिए । सभी लोगों को पौधारोपण में बढकर का हिस्सा लेना चाहिए। सिलावट समाज कब्रिस्तान में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए और उनका नियमित रूप से पानी देने का सभी ने संकल्प लिया गया।इसके अलावा कब्रिस्तान के गार्डन मे साफ सफाई कर समाज बंधुओं ने श्रमदान किया गया।

इस अवसर पर जलाल खान, इंसाफ अली, मुश्ताक खान,पूर्व पार्षद अयूब शेख, सलीम जावेद, सिराजुद्दीन खान, ईमरान खान,वाजिद अली, जानशेर खान, जहांगीर खान, साबिर खान , इरफान खान,सादिक मोहम्मद, कासम खान,अरमान खान, मोहमद हुसैन, मोहमद रफीक हमजा, हुमायूं , आमिर किशोर कुमार, हितेश कुमार, महेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## आर्य वीरों ने राष्ट्र सेवा में सहयोग मांगा

**जालोर**, (कासं) । आर्य वीर दल एवं आर्य समाज के रविवार को सप्ताहिक सत्संग में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए राष्ट्रीय रक्षा यज्ञ का आयोजन कर दुश्मन का नाश होने, देश के सैनिकों के सकुशल रहने तथा देश के विजयी होने के लिए वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी। आमजन से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए आर्य वीरो से राष्ट्र सेवा में तन-मन-धन से सहयोग देने का आव्हान किया।

इससे पूर्व शनिवार की रात आर्य वीर दल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक पुरानी सब्जी मंडी में स्थित आर्य वीरम व्यायामशाला में बैठक आयोजित हुई। जिसमे किसी भी वर्तमान परिस्थिति निपटाने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों से की सेवा सुरक्षा से जुडे दिशा निर्देश की फालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने का निर्णय लिया।बैठक में आव्हान किया कि किसी भी परिस्थिति में आर्य वीर पूर्णरुप से राष्ट्र के प्रति समर्पित रहेंगे।

बैठक में आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य, आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, संचालक प्रशांत सिंह , कोषाध्यक्ष विनोद आर्य, महामंत्री शिवदत्त आर्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व पार्षद भरत मेघवाल आदि उपस्थित थे।

## रावणा राजपूत समाज का समारोह 22 से

**जालोर,** (कासं)। जिला रावणा राजपूत महासभा, युवा महासभा जालोर एवं सुंधा पर्वत धर्मशाला ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिभावान सम्मान समारोह 23 मई को रावणा राजपूत धर्मशाला सुंधा पर्वत आयोजित होगा।

प्रतिभावान सम्मान समारोह के जिला संयोजक वीरेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि रावणा राजपूत समाज के जिला स्तरीय समारोह में कक्षा आठवी, दशवी, बारहवीं स्नातक और स्नातकोत्तर के प्रतिभावान विद्यार्थियों व प्रतिभाओ को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही खेल कूद की प्रतिभाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों व राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह को सफल बनाने को लेकर जिला अध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा और युवा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह सिसोदिया, ट्रस्ट अध्यक्ष जसराज सिंह मेडा के निर्देशन में जिले के तहसील अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, संयोजक एवं सहसंयोजक आवेदन पत्र प्राप्त कर रहे है। आवेदन की अंतिम तारीख 15 मई है। 22 मई को सुंधा पर्वत धर्मशाला का वार्षिक महोत्सव व प्रसादी भी रखी गई है।

# पुष्कर भवन की कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया



**गुरू पुष्कर जैन साधना केन्द्र संस्थान पाली की नवीन कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। श्री गुरू पुष्कर जैन साधना केन्द्र संस्थान पाली की नवीन कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण कार्यक्रम दक्षिण सम्राट व तपस्वी गुरूदेव नरेश मुनि म.सा. के सानिध्य में किया गया।

संस्थान के मंत्री रिखबचंद धारीवाल ने बताया कि रविवार को नवीन पदाधिकारी जिसमें अध्यक्ष मांगीलाल मुणोत, कार्यकारी अध्यक्ष कान्तिलाल छाजेड़, मंत्री रिखबचंद धारीवाल, उपाध्यक्ष लालचंद मेहता, जवरीलाल बाफना, कोषाध्यक्ष अमरचंद संचेती, सह-कोषाध्यक्ष गौरव संचेती ने कार्यभार ठाहण किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों का माला-तिलक द्वारा और मुंह मीठा करवाकर पद स्थापना करवाई गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सुकनराज संचेती, पूर्व मंत्री केवलचंद कवाड़, पूर्व उपाध्यक्ष कान्तिलाल धोका, एवं वरिष्ठ सदस्य तिलोकचंद गोलेच्छा सहित कई जने उपस्थित रहे।

नवीन अध्यक्ष मांगीलाल मुणोत ने संस्था के हित में कार्य करने एवं नये भवन का निर्माण करवाने की बात कही। अंत में सभी को धन्यवाद देकर सहयोग करने का आग्रह किया।

# संसदीय कार्य मंत्री ने सिवाना में किसानों की समस्याएं सुनी

**बालोतरा**, (नि.सं.)। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सिवाना प्रवास के दौरान समदड़ी बाईपास पर किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। जोगाराम पटेल ने किसानों को समस्याओं पर उचित एवं त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



**संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सिवाना प्रवास के दौरान समदड़ी बाईपास पर किसानों से मुलाकात की व हाल जाने।** फोटो-राष्ट्रदूत

### प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें : पटेल

पटेल ने कहा वर्तमान में सीमा पर तनाव एवं बाह्य संकट को ध्यान में रखकर प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें।

उन्होंने कहा अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और देश की सेना व सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्रिहत में अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार कृषि एवं किसान कल्याण के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कृषि एवं उद्यानिकी विकास के लिए राजस्थान कृषि विकास योजना के अन्तर्गत इस वर्ष एक हजार 350 करोड़ रुपये के कार्य करवाए जाएंगे।

### 75 हजार किसानों को मिलेगा तारबंदी का अनुदान

पटेल ने कहा फसलों के नुकसान से बचाव व रोकथाम के लिए 75 हजार किसानों को 30 हजार किमी तारबन्दी के अनुदान के रूप में 324 करोड़ रुपये का व्यय किया जाएगा। उन्होंने कहा नमो ड्रोन दीदी योजना एवं कस्टम हायरिंग सेंटर्स पर उपलब्ध ड्रोन के माध्यम इस वर्ष एक लाख हेक्टेयर में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का छिड़काव करने के लिए 2 हजार 500 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जाएगा।

### किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर की 5 लाख रुपए

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा भूमिहीन कृषि श्रमिकों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए एक लाख भूमिहीन कृषि श्रमिकों को 5 हजार रुपये तक के कृषि यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कृषकों को ओर अधिक संबल देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी।

इस दौरान उपखंड अधिकारी सिवाना सुरेन्द्र सिंह खंगारोत, थानाधिकारी सिवाना दिनेश डांगी, जिला परिषद सदस्य चेनाराम, पदमाराम पटेल, दिनेश सिंह राजपुरोहित, छोटूसिंह राठौड़, सोहन सिंह भायल, खीवराज जांगिड़, श्रवण पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### जोराराम कुमावत का दौरा आज

जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत सोमवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री कुमावत 12 मई को प्रातः 8 बजे सुमेरपुर से प्रस्थान कर 10.30 बजे बालोतरा पहुंचेंगे। वे बालोतरा पहुंच कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सुरक्षा एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक करेंगे।

# समझौता योजना के तहत राहत दी

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा भूमि विकास बैंकों के ऋणी किसानों को राहत देने के लिए की गई बजट घोषणा के अनुसार मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना के तहत शुक्रवार को मुख्य सचेतक राजस्थान विधानसभा जोगेष्वर गर्ग की उपस्थिति में जालोर सहकारी भूमि विकास बैंक की भीनमाल शाखा के 25 वर्ष पुराने ऋण खाता के ऋणी नारायणसिंह पुत्र खीमसिंह के बैंक का कुल बकाया ऋण 15.50 लाख रूपये के पेटे 3.50 लाख रूपए जमा करवाए गए। नारायणसिंह पुत्र खीमसिंह को इस योजना के तहत 12 लाख की ब्याज राहत प्राप्त हुई।

इस दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेष्वर गर्ग ने बैंक द्वारा जारी रसीद प्रदान कर ऋणी किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कहीं।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत बकाया ऋण जमा कराने वाले किसानों को बैंक द्वारा नो-डयूज के साथ-साथ भूमि रहन मुक्ति आदेष भी जारी किया जाएगा। मुख्य सचेतक ने कहा कि बैंक के सभी अवधिपार ऋणियों को 100 प्रतिशत अवधिपार ब्याज राहत की योजना का लाभ मिले तथा योजना के प्रचार-प्रसार करने की बात कही। इस योजना के तहत जालोर भूमि विकास बैंक में कुल पात्र ऋणी 5 हजार 769 है जिनको ऋण पर कुल 67.25 करोड़ रूपए की राहत देते हुए 31.69 करोड़ रूपए जमा करवाए जाने है।

- **जालोर सहकारी भूमि विकास बैंक भीनमाल शाखा के 25 वर्ष पुराने ऋण मामले में 12 लाख की ब्याज राहत**

ऋण निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुष्त समझौता योजना के तहत किसान को मूल बकाया ऋण की 25 प्रतिशत राशि 30 जून तक भूमि विकास बैंक जालोर में जमा करवाने पर ही लाभ देय होगा। वही मुख्य सचेतक द्वारा तारबंदी हेतु ऋण योजना के तहत 45 हजार रूपए का चेक वसनाराम पुत्र भीखाराम को प्रदान कर ऋण वितरण का षुभारंभ किया गया। ऋण चेक वितरित करते हुए गर्ग ने किसानों से तारबंदी करवाने के दौरान पेड़ों की कटाई नहीं करने की बात कही।

इस दौरान नारायणसिंह एमडी सीसीबी जालोर, बैंक सचिव एवं उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जालोर सुनील वीरभान, तकनीकी सहायक जमना मेघवाल, रवि सोलंकी, किसान तथा बैंक सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुष्त समझौता योजना के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।